भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †5798
सोमवार, 30 मार्च, 2026/9 चैत्र, 1948 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी 50 पर्यटन स्थलों के विकास के लिए राष्ट्रीय मिशन

†5798. श्री बालाशौरी वल्लभनेनी:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या वित्त मंत्री ने वर्ष 2025-26 के बजट में 50 वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी पर्यटन स्थलों के विकास के लिए राष्ट्रीय मिशन की घोषणा की है;

(ख) यदि हां, तो इस प्रयोजनार्थ 25,000 करोड़ रुपये के आवंटन के बावजूद उक्त योजना को आरंभ न किए जाने के क्या कारण हैं;

(ग) क्या व्यय वित्त समिति (ईएफसी) का नोट तैयार कर लिया गया है और उसे अनुमोदित कर दिया गया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (घ): वर्ष 2025-26 के बजट भाषण के पैरा 75 में निम्नानुसार बताया गया है:

"देश के शीर्ष 50 पर्यटन स्थलों का राज्यों के साथ साझेदारी में चुनौती मोड के माध्यम से विकास किया जाएगा। प्रमुख अवसंरचना के निर्माण के लिए भूमि राज्यों द्वारा प्रदान की जाएगी। उन गंतव्यों पर होटल, अवसंरचना एचएमएल में शामिल होंगे।"

एक ईएफसी नोट तैयार किया गया है और अंतर-मंत्रालयी टिप्पणियों के लिए परिचालित किया गया है। वर्तमान में, इसके लिए कोई निधि आवंटन स्वीकृत नहीं किया गया है।

*****